**C.B.S.E**

**कक्षा : 9**

**हिंदी (ब)**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1) **इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग, और घ।**
2) **चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
3) **यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

खंड - क

प्र. 1. (अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : (2×4) (1×1)=9

किसी विषय या कला में प्रविणता प्राप्त करने का मूल-मंत्र अभ्यास है। अभ्यास द्वारा असंभव जान पड़ने वाले कार्य भी संभव हो जाते है। किसी लक्ष्य तक पहुँचना हो अथवा विद्याध्ययन हो, सर्वत्र अभ्यास की आवश्यकता है। प्रतिभावान व्यक्ति भी यदि अभ्यास न करे तो वह आगे नहीं बढ़ सकता। एक विद्वान अथक अभ्यास परिश्रम से विद्वान बनता है। उसके पास कोई संजीवनी नहीं है कि वह बिना पढ़े लिखे ही विद्वान घोषित कर दिया जाता है। इसके पीछे उसका परिश्रम और अभ्यास ही है। अभ्यास के बल पर ही एकलव्य, तुलसीदास, वाल्मीकि और बोपदेव संस्कृत-प्राकृत के समर्थ वैयाकरण सिद्ध हुए। बोपदेव की कहानी प्रसिद्ध है। गुरु के आश्रम से वह निराश होकर जा रहे थे कि विद्या उसके भाग्य में नहीं है। मार्ग में उसने एक कुएँ के चारों ओर लगे पत्थरों पर रस्सियों के निशान देखे। बस, उन्हें यह समझ में आ गया कि बार-बार घिसने से अगर पत्थर पर निशान हो सकते हैं तो, बार-बार अभ्यास करने से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। अतः इसलिए कहा गया है कि...

करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते सिल पर परत निसान॥

1. किसी विषय या कला में प्रविणता प्राप्त करने का मूल-मंत्र क्या है?
2. अवतरण में किसकी कहानी को प्रसिद्ध बताया गया है?
3. एकलव्य, तुलसीदास, वाल्मीकि और बोपदेव संस्कृत-प्राकृत के क्या सिद्ध हुए?
4. मार्ग में बोपदेव ने क्या देखा।
5. करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।
   रसरी आवत जात ते सिल पर परत निसान॥
   उपर्युक्त दोहा किसके द्वारा रचित है?

प्र. 1. (ब) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों उत्तर लिखिए : 2x3=6

अरुण, यह मधुमय देश हमारा !
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को, मिलता एक सहारा
सरल तामरस गर्भ विभा पर-नाच रही तरुशिखा मनोहर,
छिटका जीवन-हरियाली पर-मंगल-कुंकुम सारा।
अरुण, यह मधुमय देश हमारा !

1. हरियाली पर जीवन कब और किस प्रकार छिटकता है?
2. हरियाली पर जीवन कब और किस प्रकार छिटकता है?
3. 'अनजान क्षितिज' का क्या अर्थ है? इसके द्वारा भारत की किस विविधता की और कवि ने संकेत किया है?

खंड - 'ख'

प्र. 2. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए : 2

अर्जुन, शीतलता

प्र. 3. क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर चंद्रबिंदु का प्रयोग कीजिए : 3

चाद, दूगा

ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए :

फतवा, फर्श

ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर बिंदु का प्रयोग कीजिए :

अशं, आतक

प्र. 4. क) निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय पहचानिए : 3

प्रचलित, तटस्थता

ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग पहचानिए :

प्रवास, संदर्भ

ग) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और उपसर्ग को अलग कीजिए :

अनुवाद, उत्पात

प्र. 5. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें। 3

क) अध्यापक कक्षा में आए

ख) सदैव आगे बढ़ते रहो रुकना मृत्यु का नाम है।

ग) महात्मा गांधी को बापू कहते है।

प्र. 6. निम्नलिखित शब्दों के सही संधि-विच्छेद कीजिए : 4

रमेश, अंत:करण, संहार, स्वागत

खंड 'ग'

प्र. 7. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों उत्तर लिखिए : (2+2+1) = 5

1) कीचड़ जैसा रंग कौन लोग पंसद करते हैं?

2) आज धर्म के नाम पर क्या-क्या हो रहा है?
3) कीचड़ से क्या होता है?

प्र. 7. (ब) महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाड़ला बना दिया था? 5

प्र. 8. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2+2+1)=5
1. बीमार बच्ची ने क्या इच्छा प्रकट की?
2. प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता?
3. कवि ने 'अग्नि पथ' किसके प्रतीक स्वरुप प्रयोग किया है?

प्र. 8. (ब) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5
1. आदमी की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 9. 'मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं'- का आशय स्पष्ट कीजिए। 5

खंड - ‘घ’

प्र. 10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5
- प्लास्टिक की थैलियाँ - एक अभिशाप
- प्रकृति
- इंटरनेट की दुनिया

प्र. 11. आपके विदयालय में कुछ अतिथि आए थे, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी आपको सौंपी गई थी। अपनी माता जी को पत्र लिखकर बताइए कि वे अतिथि विद्यालय में क्यों आए थे और उनके लिए क्या-क्या किया। 5

प्र. 12. दिए गए चित्र का वर्णन करें : 5

प्र. 13. चॉक और ब्लैक बोर्ड के मध्य संवाद लिखिए : 5

प्र. 14. कपड़े धोने वाले पावडर का विज्ञापन तैयार कीजिए : 5